For more job news visit : www.kpscvaani.com

न्यूक्लियर पॉवर कॉर्पोरेशन ऑफ इंडिया लिमिटेड
NUCLEAR POWER CORPORATION OF INDIA LIMITED

भारत सरकार का उद्यम A Government of India Enterprise
मानव संसाधन निदेशालय Directorate of Human Resource
विक्रम साराभाई भवन, अणुशक्तिनगर, मुंबई- 400094
Vikram Sarabhai Bhavan, Anushaktinagar, Mumbai - 400094
सी आई एन CIN : U40104MH1987GOI149458

वर्ष-2025 के लिए सीए/सीएमए प्रशिक्षुओं की सेवाओं हेतु विस्तृत विज्ञापन

Detailed Advertisement for Engaging CA/CMA Interns for the Year – 2025

विज्ञापन सं. एनपीसीआईएल/सीएसीएमए/2025/03
Advertisement No.NPCIL/CACMA/2025/03

ऑनलाइन आवेदन प्रस्तुत करने की प्रारंभिक तारीख	11/06/2025
Opening Date for Submission of Online Applications	**11/06/2025**
ऑनलाइन आवेदन प्रस्तुत करने की अंतिम तारीख	26/06/2025
Last Date for Submission of Online Applications	**26/06/2025**

परमाणु ऊर्जा विभाग के अंतर्गत केंद्रीय सार्वजनिक क्षेत्र का उद्यम एनपीसीआईएल, छात्रों तथा एनपीसीआईएल के पारस्परिक लाभ के लिए एनपीसीआईएल की विभिन्न इकाइयों और मुख्यालय के वित्त एवं लेखा के क्षेत्र में सीए या सीएमए की इंटर परीक्षा उत्तीर्ण करने वाले अभ्यर्थियों को व्यावहारिक प्रशिक्षण (इंटर्नशिप) प्रदान कर रहा है।

NPCIL, a central PSU under the Department of Atomic Energy is imparting practical training (Internship) to those candidates who have passed Inter of CA or CMA in the field of Finance& Accounts in various Units and HQs of NPCIL for the mutual benefit of students as well as NPCIL.

मासिक छात्रवृत्ति	रु.20,000/- (बीस हजार मात्र) प्रतिमाह एनपीसीआईएल की इकाई/मुख्यालय में आवास उपलब्ध न होने की स्थिति में रु.5000/- (पांच हजार) प्रतिमाह की अतिरिक्त राशि प्रदान की जाएगी।
Monthly Stipend	**Rs.20,000 /- (Twenty Thousand only) p.m.** **Additional amount of Rs.5000/- (Five thousand) p.m. will be provided in case of Non-availability of accommodation at the Unit/HQ of NPCIL**
कार्यकाल	12 महीने (*) (*) छात्र के कार्य-निष्पादन और संस्थान की आवश्यकताओं के आधार पर मामला दर मामला 12 महीने से अधिक की अवधि तक के लिए विस्तार योग्य।
Tenure	**12 Months (*)** **(*) Extendable subject to Institute Requirements for a further period not exceeding 12 months on case to case basis subject to performance of Student.**

1.0 एनपीसीआईएल की विभिन्न इकाइयों और मुख्यालय में नियुक्त किए जाने वाले प्रशिक्षुओं की संख्या और इंटर्नशिप से संबंधित अन्य सभी नियम और शर्तें नीचे दी गई हैं। आरक्षण पर भारत सरकार के आदेशों का पालन किया जाएगा।

The number of Interns to be engaged at various Units and HQs of NPCIL and all other terms and conditions relating to the Internship is provided below. Government of India orders on reservation shall be followed

For more job news visit : www.kpscvaani.com

2.0 इंटर्नशिप के लिए निर्धारित प्रारूप में ऑनलाइन आवेदन **26/06/2025** को या उससे पहले प्रस्तुत किए जाने चाहिए। नियत तारीख के बाद प्राप्त आवेदनों को सरसरी तौर पर निरस्त कर दिया जाएगा। अंकों के योग के आधार पर स्क्रीनिंग की जाएगी। इसलिए, अंतिम अंकों के बिना आवेदन करने वाले अभ्यर्थियों पर विचार नहीं किया जाएगा, ऐसे अभ्यर्थियों को आवेदन करने की आवश्यकता नहीं है। केवल स्क्रीन किए गए उम्मीदवारों को ही आगे की चयन प्रक्रिया के लिए उनके ई-मेल आईडी के माध्यम से सूचित किया जाएगा।

Online Applications in the prescribed format for the Internship shall be submitted on or before **26/06/2025**. Applications received after due date will be summarily rejected. Screening will be done based on aggregate of marks. Hence, Candidates applied without Final marks will not be considered, such Candidates need not apply. Screened in Candidates only will be informed through their e-mail id for further Selection Process.

3.0 जिन आवेदकों की स्क्रीनिंग हो चुकी है, उन्हें आभासी पद्धति के माध्यम से वैयक्तिक साक्षात्कार के लिए संबंधित इकाई/क्षेत्र में उपस्थित होना होगा।

The applicants who have been screened in shall have to present themselves at respective Unit/Region for a personal interview through Virtual Mode.

4.0 रिक्तियों का विवरण: स्थान एवं वर्गवार विवरण प्रदान किया गया है The Break-up of Vacancies: Location and Category wise Break-up is provided:-

क्र.सं. **Sl. No.**	स्थल **Site**	क्षेत्र **Region**	नियुक्त किए जाने वाले छात्रों की सं. ## **No. of students to be engaged ##**	एससी **SC**	एसटी **ST**	ओबीसी **OBC**	ईडब्ल्यूएस **EWS**	अना रक्षित **UR**	पीडब्ल्यूबीडी (क्षैतिजीय आरक्षण) **PwBD (Horizontal Reservation)**
1	एनपीसीआईएल, मुख्यालय, मुंबई NPCIL, HQ, Mumbai	महाराष्ट्र Maharashtra	12	-	1	3	2	6	01 सं.*
2	टीएपीएस TAPS	महाराष्ट्र Maharashtra	05	-	-	1	-	4	शून्य NIL
3	आरएपीएस RAPS	राजस्थान Rajasthan	06	1	1	1	1	2	1 *
4	एनएपीएस NAPS	उत्तर प्रदेश Uttar Pradesh	01	-	-	-	-	1	शून्य NIL
5	केएपीएस KAPS	गुजरात Gujarat	01	-	-	-	-	1	**1
6	केकेएनपीपी KKNPP	तमिलनाडु Tamilnadu	01	-	-	1	-	-	शून्य NIL
7	एमएपीएस MAPS	तमिलनाडु Tamilnadu	03	-	-	1	-	2	#1
8	केजीएस KGS	कर्नाटक Karnataka	04	1	-	1	1	1	#1
9	जीएचएवीपी GHAVP	हरियाणा Haryana	01	-	-	-	-	1	1 *
		कुल Total	**34**	**02**	**02**	**08**	**04**	**18**	

For more job news visit : www.kpscvaani.com

4.1 पीडब्लूबीडी के आरक्षण का प्रकार

* श्रेणी (ए) के लिए एक रिक्ति क्षैतिज रूप से आरक्षित है जो 2023 में नहीं भरी जा सकी और वर्ष 2024 के लिए भी चिह्नित पीडब्ल्यूबीडी के अंतर्गत इंटरचेंजिंग के माध्यम से भी नहीं भरा जा सका। इसलिए, इस वर्ष यह (ए) -एलवी, (बी) डी, एचएच, (सी) ओए, ओएल, ओएएल, बीएल, बीए, सीपी, एलसी, डीडब्ल्यू, एएवी, एसडी/एसआई बिना किसी संबंधित न्यूरोलॉजिकल/लिंब डिसफंक्शन, ओए/ओएल/ओएएल/बीएल/बीए (डी) एएसडी (एम, एमओडी), एसएलडी, एमआई, (ई) एमडी की संबंधित लिंब डिसफंक्शन के साथ एसडी / एसआई के लिए आरक्षित है।

* One vacancy was reserved Horizontally for category (a) which could not get filled in 2023 and for the year 2024 also could not be filled via interchanging under identified PwbD. Hence, this year it is reserved for (a)-LV, (b) D, HH, (c) OA, OL, OAL, BL, BA, CP, LC, Dw, AAV, SD/SI without any associated neurological/limb dysfunction, SD/SI with associated limb dysfunction of OA/OL/OAL/BL/BA. (d) ASD (M, MoD), SLD, MI, (e) MD.

एलबी - अल्प दृष्टि # LV-Low Vision

** डी-बधिर, एचएच - सुनने में कठिनाई ** D-Deaf, HH- Hard of Hearing

प्रशिक्षण प्राप्त कर रहे मौजूदा प्रशिक्षुओं के कार्यकाल विस्तार/पूर्णता के आधार पर संख्या बदल सकती है। ऐसी परिस्थितियों में अभ्यर्थियों का चयन रोक दिया जाएगा/रद्द कर दिया जाएगा/या पिछले बैच के प्रशिक्षुओं की प्रशिक्षण अवधि पूरी होने पर दिशानिर्देशों के अनुसार विशेष स्थल पर रिक्तियों की अधिकतम संख्या के आधार पर प्रस्ताव जारी किया जाएगा।

The Number may change depending upon Extension/Completion of Existing Interns who are undergoing Training. In such circumstances Candidates selection will be kept on Hold/Canceled/or Offer will be issued on completion of Training period of previous batch Intern subject to maximum Number of vacancies at the particular Site as per Guidelines.

4.2 Age Limit आयु सीमा:

पद का नाम Name of the Post	न्यूनतम आयु सीमा (वर्ष) Lower Age Limit (Years)	अधिकतम आयु सीमा (वर्ष) Upper Age Limit (Years)	इस तारीख को या इसके बाद जन्म लेने वाले नहीं Not born on or after	इस तारीख से पूर्व जन्म लेने वाले नहीं Not Born before
CA/CMA Intern	18	56	27/06/2007	26/06/1969

5.0 इंटर सीए/इंटर सीएमए अर्हता प्राप्त अभ्यर्थियों को व्यावहारिक प्रशिक्षण प्रदान करने के लिए अन्य महत्वपूर्ण निबंधन और शर्तें

Other Important Terms and Conditions for Imparting Practical Training to Inter CA/Inter CMA qualified Candidates.

5.1 पात्रता Eligibility:

एनपीसीआईएल इकाइयों और मुख्यालय में व्यावहारिक प्रशिक्षण के उद्देश्य से छात्रों की पात्रता, संबंधित संस्थानों द्वारा प्रदान की गई निबंधनों और शर्तों के अनुसार होगी।

For more job news visit : www.kpscvaani.com

The eligibility of the students for the purpose of Practical Training at NPCIL units and HQs, shall be as per the terms and conditions provided by the Respective Institutions.

5.2 अवधि Period:

यह प्रशिक्षण अधिकतम 12 महीने की अवधि के लिए होगा। यह अवधि, छात्र के कार्य-निष्पादन के आधार पर मामला दर मामला आधार पर संस्थान की आवश्यकताओं के आधार पर 12 महीने से अधिक नहीं बढ़ाई जाएगी।

The Training will be for a maximum period of 12 months. The Period shall be extended subject to Institute Requirements for a further period not exceeding 12 months on case to case basis subject to performance of Student.

5.3 छुट्टी की पात्रता Entitlement of Leave:

प्रशिक्षु एक वर्ष की कुल प्रशिक्षण अवधि के लिए प्रति माह 01 दिन के सवेतन अवकाश के लिए पात्र होंगे अर्थात 12 दिन के सवेतन अवकाश के लिए पात्र होंगे। विस्तार के मामले में, छुट्टी विस्तारित अवधि के लिए प्रति माह 01 दिन (आनुपातिक) की दर से होगी। स्वीकार्य छुट्टी के अलावा अनुपस्थिति के मामले में, आनुपातिक वृत्तिका काट ली जाएगी और प्रमाणीकरण के लिए प्रशिक्षुओं को प्रशिक्षण अवधि पूरी करनी होगी।

Trainees shall be eligible for a paid leave of 01 day per month i.e. 12 days paid leave for a total training period of one year. In case of extensions, the leave shall be at the rate of 01 day per month (pro-rata) for the extended period. In case of absence other than the admissible leave, proportionate stipend will be deducted and trainees shall be required to complete the training duration for Certification.

5.4 कार्य घंटे Working Hours:

प्रशिक्षुओं का कार्य प्रतिदिन 8 घंटे का होगा, जिसमें 1 घंटा भोजनावकाश भी शामिल है (11 बजे के बाद कार्यघंटा शुरू नहीं होगा तथा सायं 5 बजे से पहले कार्यघंटा समाप्त नहीं होगा; सप्ताह में 5 दिन। जिस दिन प्रशिक्षु संस्थान द्वारा आयोजित परीक्षा में उपस्थित होता है या किसी सम्मेलन, सेमिनार आदि (संस्थान की सहमति से) में भाग लेता है, उस दिन को संस्था द्वारा प्रमाणित करने पर उपस्थिति मानी जाएगी।

The working hours of the Trainee will be 8 hours in a day including 1 hour lunch break (Working hours will NOT start after 11 AM and end before 5 pm); 5 days in a week. Attendance on the day on which Trainee appears for Examination conducted by the Institute or attends a Conference, Seminar etc., (with the consent of the Institute) will be considered towards Attendance on Certification by the Institute.

5.5 चिकित्सा परीक्षा Medical Test:

मानक चिकित्सा परीक्षा में योग्य पाए जाने पर ही अभ्यर्थी को नियुक्त किया जाएगा।

The Candidates shall be engaged after qualifying the standard Medical Examination.

For more job news visit : www.kpscvaani.com

5.6 आचरण एवं चरित्र का सत्यापन Verification of Conduct & Character:

जिला पुलिस अधिकारियों द्वारा जारी पुलिस सत्यापन प्रमाण पत्र के आधार पर प्रशिक्षुओं को व्यावहारिक प्रशिक्षण में शामिल किया जाएगा। इसके अलावा, अभ्यर्थी को संबंधित संस्थान से आचरण एवं चरित्र प्रमाणपत्र प्रस्तुत करना होगा।

Trainees shall be engaged based on the Police Verification certificate issued by the District Police authorities. In addition, the Candidate is required to submit Character/Conduct Certificate from the concerned Institution.

6.0 अन्य सुविधाएं Other facilities:

प्रशिक्षुगण, उपलब्धता होने पर निःशुल्क स्थल परिवहन सुविधा का लाभ उठाने के पात्र हैं। जहाँ तक चिकित्सा सुविधाओं का प्रश्न है, केवल ओपीडी और प्राथमिक चिकित्सा सुविधा ही निःशुल्क आधार पर प्रदान की जाएगी।

Trainees will avail the Site Transportation facility on free of cost basis subject to availability. As far as medical facilities are concerned, only OPD and First Aid facility will be provided on free of cost basis.

यूनिटों में सामान्य लाइसेंस शुल्क के भुगतान पर उपयुक्त आवास (एकल कमरा अथवा केवल न्यूनतम आवास) उपलब्ध कराया जाएगा। इकाइयों और मुख्यालय में आवास उपलब्ध न हो पाने पर आवास के स्थान पर प्रशिक्षुओं को रु.5000/- (पाँच हजार) प्रति माह की राशि प्रदान की जाएगी।

At Units a suitable Accommodation (single room or bare minimum accommodation) will be provided on payment of Normal License fee. In case of Non-availability of Accommodation at Units and at HQ an amount of Rs. 5000/- (Five Thousand) per month will be provided to the Trainees in lieu of Accommodation.

प्रशिक्षुगण दिशानिर्देशों में उल्लिखित अन्य लाभों/सुविधाओं के अलावा किसी अन्य लाभ के पात्र नहीं होंगे। The Trainees shall not be entitled for any other Benefit/Facilities apart from those mentioned in these Guidelines.

7.0 चोट के लिए प्रतिपूर्ति हेतु नियोक्ता का दायित्व Employer's Liability for Compensation for Injury:

यदि प्रशिक्षण के दौरान या उसके कारण किसी दुर्घटना से प्रशिक्षु को व्यक्तिगत चोट पहुंचती है, तो एनपीसीआईएल इसकी प्रतिपूर्ति के लिए उत्तरदायी होगा, जिसका निर्धारण और भुगतान कर्मचारी प्रतिपूर्ति अधिनियम, 1923 के प्रावधानों के अनुसार किया जाएगा।

If personal injury is caused to a Trainee by accident arising out of and during the course of training, NPCIL shall be liable to pay compensation which shall be determined and paid in accordance with the provisions of the Employees' Compensation Act, 1923.

8.0 आचरण एवं अनुशासन तथा सुरक्षा एवं संरक्षा निर्देशों का पालन Conduct & Discipline and observing Safety & Security Instruction:

आचरण और अनुशासन के सभी मामलों में, प्रशिक्षुओं को प्रशिक्षण अवधि के दौरान अनुशासन और शिष्टाचार बनाए रखना होगा और समय-समय पर जारी किए गए सुरक्षा और सुरक्षा निर्देशों का पालन करना होगा। सामान्य अनुशासन, सुरक्षा और सुरक्षा निर्देशों के उल्लंघन के मामले में बिना किसी सूचना के प्रशिक्षुता रद्द की जा सकती है।

For more job news visit : www.kpscvaani.com

In all matters of conduct and discipline, the Trainees shall maintain discipline and decorum during training period and shall follow the Safety & Security instructions issued from time to time. The Traineeship shall be liable to be cancelled without any notice in case of violation of general Discipline, Safety & Security instructions.

9.0 विभिन्न अधिनियमों के अंतर्गत प्रशिक्षुओं का कवरेज Coverage of Trainees under various Acts:

एनपीसीआईएल की इकाइयों/मुख्यालय में प्रशिक्षण प्राप्त कर रहे सीए/सीएमए प्रशिक्षुओं को प्रशिक्षु माना जाएगा और श्रम के संबंध में कर्मचारियों पर लागू किसी भी कानून के प्रावधान (चोट के लिए प्रतिपूर्ति के मामले में ऊपर उल्लिखित के अलावा) प्रशिक्षुओं पर लागू नहीं होंगे।

CA/CMA Trainees undergoing Training in NPCIL Units/HQs shall be treated as a Trainee and the provisions of any law applicable to employees (other than that mentioned in case of Compensation for Injury above) with respect to labour shall not apply to the Trainees.

10.0 प्रशिक्षुओं का चयन Selection of Trainees:

व्यक्तिगत साक्षात्कार के लिए उम्मीदवारों की शॉर्टलिस्टिंग इंटर सीए/इंटर सीएमए परीक्षा में प्राप्त कुल अंकों के आधार पर 1:5 के अनुपात में की जाएगी। प्रशिक्षुओं का चयन व्यक्तिगत साक्षात्कार के माध्यम से किया जाएगा। उम्मीदवार वर्चुअल मोड से साक्षात्कार में भाग ले सकते हैं।

The Shortlisting of the Candidates for Personal Interview shall be in the ratio of 1:5 based on the aggregate marks obtained in the Inter CA/Inter CMA examination .The Selection of the Trainees shall be by way of conducting Personal Interview. Candidates can attend the Interview in Virtual mode.

11.0 नियमित रोजगार Regular Employment:

एनपीसीआईएल की ओर से प्रशिक्षण की अवधि पूरी कर चुके किसी भी प्रशिक्षु को रोजगार प्रदान करना अनिवार्य नहीं होगा।

It shall not be obligatory on the part of NPCIL to offer employment to any of the Trainee who has completed the period of Training.

12.0 आवेदन कैसे करें How to apply:

पात्र आवेदक एनपीसीआईएल की ऑनलाइन पंजीकरण प्रणाली के माध्यम से आवेदन कर सकते हैं। व्यक्तिगत रूप से या अन्य माध्यम से हार्ड फॉर्मेट में हस्तलिखित/टाइप किए गए आवेदनों सहित किसी अन्य रूप में प्रस्तुत किए गए आवेदनों पर विचार नहीं किया जाएगा। एनपीसीआईएल को कोई भी दस्तावेज/आवेदन आदि **न भेजें।**

Eligible Applicants may apply through Online Registration system of NPCIL. Applications submitted in any other form including Handwritten/Typewritten Applications in hard format delivered in person or by other means will not be entertained. **DO NOT SEND** any of the Documents/Application etc. to NPCIL.

क. अभ्यर्थियों से अनुरोध है कि वे पात्रता मानदंड को पढ़ें और आवेदन करने से पहले यह सुनिश्चित कर लें कि वे सभी मानदंडों को पूरा करते हैं।

Candidates are requested to read the Eligibility Criteria and ensure that they meet all the criteria before applying.

For more job news visit : www.kpscvaani.com

ख. अभ्यर्थी को केवल **वेबसाइट www.npcilcareers.co.in** पर उपलब्ध कराए गए ऑनलाइन आवेदन प्रपत्र के माध्यम से आवेदन करना होगा।

A Candidate has to apply through Online Application form as provided on the **website www.npcilcareers.co.in only.**

ग. ऑनलाइन आवेदन पत्र वेबसाइट पर **11/06/2025** को **10:00** बजे से **26/06/2025** को **17:00** बजे तक उपलब्ध रहेगा।

The Online Application form will be available on the website from **11/06/2025** at **10:00 Hrs** to **26/06/2025** at **17:00 Hrs**.

घ. ऑनलाइन आवेदन प्रक्रिया को पूरा करने और आवेदन संख्या प्राप्त करने के लिए सभी संबंधित सूचनाएं जैसे योग्यता विवरण, अनुभव विवरण (यदि कोई हो), अंकों का प्रतिशत, ईमेल पता, संपर्क मोबाइल नंबर, पत्राचार के लिए पता, स्कैन किए गए फोटो और हस्ताक्षर (जेपीईजी) की सॉफ्ट कॉपी भरना अनिवार्य है। इसलिए, अभ्यर्थियों को सलाह दी जाती है कि वे ऑनलाइन आवेदन करने से पहले ऐसी सूचनाएं तैयार रखें।

It is mandatory to fill all the relevant information such as Qualification details, Experience details (if any), Percentage of marks, Email address, Contact mobile number, Address for correspondence, Soft copy of scanned Photograph and Signature (JPEG) to complete the Online Application process and get the Application number. Therefore, Candidates are advised to keep such information ready before applying Online.

ङ. ऑनलाइन आवेदन करने से पहले अभ्यर्थी को अपना **फोटोग्राफ जेपीईजी फॉर्मेट में स्कैन करना चाहिए, जिसका आकार 50केबी (अधिकतम 480 x 640 पिक्सल) से अधिक न हो और न्यूनतम 10 केबी (न्यूनतम 180 x 240 पिक्सल) हो और हस्ताक्षर जेपीईजी फॉर्मेट में स्कैन करना चाहिए जिसका आकार 20केबी (अधिकतम 160 x 560 पिक्सल) से अधिक न हो और न्यूनतम 80 x 100 पिक्सल हो।** अपलोड किए गए फोटोग्राफ को बुलावा-पत्र पर प्रिंट किया जाएगा और यदि बुलाया जाता है, तो केवल उसी आवेदक जिसकी फोटो बुलावा-पत्र पर मुद्रित होगी, को ऑनलाइन साक्षात्कार/प्रमाणपत्र सत्यापन और चिकित्सा परीक्षा के लिए उपस्थित होने की अनुमति दी जाएगी।

Before applying Online Candidate should Scan her/his **Photograph in JPEG format, of size not more than 50KB (maximum 480 X 640 Pixels) and a minimum of 10 KB (minimum 180 x 240 pixels) and Signature in JPEG format of size not more than 20KB (maximum 160 x 560 pixels) and a minimum of 80 x 100 pixels**. The photograph uploaded will be printed on the Call Letter and only the Applicant whose Photograph is printed on the Call Letter will be allowed to appear for Online Interview/Certificate Verification and Medical Examination, if called for.

च. आवेदक से अनुरोध है कि वह अपना वैध एवं सक्रिय ईमेल पता दर्ज करें, क्योंकि सभी महत्वपूर्ण संचार इसी ईमेल पते पर भेजे जाएंगे।

Applicant is requested to enter her/his Valid and active Email address, as all important Communications will be sent to this Email address.

छ. ऑनलाइन पंजीकरण प्रक्रिया में निम्नलिखित चरण हैं **The Online registration process consists of following steps :**

चरण 1. पंजीकरण हेतु वेब पेज के शीर्ष/बाएं कोने पर दर्शाए गए 'आवेदन करें => ऑनलाइन पंजीकरण' पर क्लिक करें। उम्मीदवार को अपना नाम, जन्म तिथि, श्रेणी, ईमेल, मोबाइल

For more job news visit : www.kpscvaani.com

नंबर जैसी सभी बुनियादी जानकारी प्रस्तुत करनी होगी। इस चरण को सफलता से पूरा करने पर, एक्टिवेशन लिंक जेनरेट/आबंटित हो जाता है और वह उम्मीदवार के ईमेल पर भेजा जाता है।

Step 1. Click on Apply=>Online Registration at the Top/Left corner of Web page for Registration. The Candidate is required to furnish all basic information such as Name, Date of Birth, Category, Email, Mobile number. On successful completion of this stage, Activation link is generated/Allotted and sent to Candidate's email.

चरण 2. उम्मीदवार को चरण-1 के अनुसार पंजीकरण पूरा करने के बाद ईमेल के माध्यम से प्राप्त एक्टिवेशन लिंक पर क्लिक करके उसे एक्टिवेट करना होगा।

Step 2. The Candidate is required to Activate the account by clicking on the Activation link received through email after completing Registration in Step 1.

चरण 3. इस एक्टिवेशन के सफलतापूर्वक पूरा होने पर, उम्मीदवार अपना आवेदन ऑनलाइन प्रस्तुत करने हेतु अपने लॉगिन आईडी और पासवर्ड का उपयोग करके लॉगिन कर सकते हैं। इस चरण में आवेदक को अपनी शैक्षिक योग्यता, सीए/सीएमए के अंक आदि के सभी विवरण भरने होंगे।

Step 3. On successful completion of this Activation, Candidate can login using their Login ID and password to apply Online. In this step the Applicant is required to fill all details of her/his Educational Qualifications, Marks of CA/CMA etc.

इस चरण में कई स्तर हैं, जिसमें आवेदक को वर्तमान चरण के लिए आवश्यक जानकारी दर्ज करने के बाद ही अगले चरण में जाने की अनुमति मिलती है। चरणों का क्रम इस प्रकार है: This is a Multi-stage step where Applicant is allowed to go to next stage only on entering the information required for current stage. The sequence of stages is as follows:

ए. शैक्षिक योग्यता Educational Qualification
बी. व्यक्तिगत विवरण Personal Details
सी. फोटो और हस्ताक्षर अपलोड करें Upload Photo & Signature
डी. आवेदन प्रस्तुत करें Submit Application

उपर्युक्त चरणों के लिए लिंक **'ऑनलाइन आवेदन करें'** मेनू **(आवेदन करें=>ऑनलाइन आवेदन करें)** के अंतर्गत उपलब्ध हैं। उम्मीदवार को **"शैक्षणिक योग्यता"** लिंक पर क्लिक करके शुरुआत करनी होगी। प्रस्तुत जानकारी को सेव करने के बाद, 'अंकों का विवरण' संबंधी जानकारी भरने के लिए अगला चरण उपलब्ध कराया जाएगा।

The links for the above stages are available under **'Apply Online'** menu **(Apply=>Apply Online)**. The candidate should start by clicking on the "**Educational Qualifications**" Link. Once information is saved, the next Stage Marks Details will be made available for filling up the Information.

वर्तमान चरण से संबंधित सभी जानकारी दर्ज करने के पश्चात, उम्मीदवार फॉर्म के नीचे दिया गया **"सेव करें और अगले चरण पर आगे बढ़ें"** विकल्प का उपयोग कर सकता है जिससे वर्तमान चरण में दर्ज की गई जानकारी सेव हो जाएगी और आगामी जानकारी भरने के लिए अगला चरण खुल जाएगा।

For more job news visit : www.kpscvaani.com

अगला चरण अप्लाई ऑनलाइन मेनू (**अप्लाई => अप्लाई ऑनलाइन**) में दिए गए लिंक का उपयोग करके भी खोला जा सकता है।

On entering all the information related to current stage, the Candidate can use "**Save and Proceed to Next Step**" option at the bottom of the form which will save the Information entered in current stage and opens the next stage for filling. The next stage can also be opened using link provided in Apply Online menu **(Apply=>Apply Online)**.

किसी भी चरण की जानकारी **"सेव करें और अगले चरण पर आगे बढ़ें"** विकल्प का उपयोग करके सेव की जा सकती है।

The Information at any stage can be saved using the "**Save and Proceed to Next Step**" option.

एक बार जब उम्मीदवार **"आवेदन प्रस्तुत करें"** चरण पर पहुंच जाता है, तो उम्मीदवार द्वारा दर्ज की गई सभी जानकारी का एक ड्राफ्ट सामने दिखाया जाएगा। इस बिंदु पर उम्मीदवार पहले के सभी चरणों में दर्ज किए गए किसी भी विवरण को संशोधित कर सकता है।

Once the Candidate reaches "**Submit Application**" stage, a draft of all the Information entered by the Candidate will be shown. At this point the Candidate is allowed to modify any details entered in earlier stages.

यदि उम्मीदवार आश्वस्त है कि उसके द्वारा दर्ज की गई/अपलोड की गई सभी जानकारी सही है, तो वह **"आवेदन प्रस्तुत करें"** विकल्प का उपयोग करके अपना आवेदन प्रस्तुत कर सकता है। कृपया ध्यान दें कि आवेदन प्रस्तुत करने के पश्चात उम्मीदवार को, भरी गई जानकारी में कोई भी बदलाव करने की अनुमति नहीं होगी। आवेदन प्रस्तुत करने के बाद, एक 'आवेदन संख्या' उत्पन्न होगी। **इंटर्नशिप हेतु आवेदन करने के लिए कोई शुल्क नहीं है।**

If Candidate is sure that all the Information entered/Uploaded is correct, she/he can submit the Application using "**Submit Application**" option. Please note that the Candidate will not be allowed to make any changes in the Information furnished once she/he submits the Application. After submission of Application, an Application number will be generated. **There is no fees for applying for Internship**.

एच. ऑनलाइन आवेदन प्रक्रिया तभी पूरी होगी जब ऊपर बताए गए सभी लागू चरण पूरे हो जाएंगे। उसके बाद उम्मीदवार अपना ऑनलाइन आवेदन पत्र देख सकते हैं/प्रिंट कर सकते हैं।

The Online Application Process is complete only after all the above mentioned applicable steps are completed. Then the Candidate can View/Print the Online Application Form.

आई.उम्मीदवार द्वारा **"आवेदक लॉगिन"** लिंक के माध्यम से लॉगिन करके अपने आवेदन की स्थिति देखी जा सकती है।

Application Status can be seen by the Candidate by Login through "**Applicant's Login**" link.

जे. उम्मीदवार से अनुरोध है कि वह अपने लॉगिन आईडी और पासवर्ड को नोट कर लें, क्योंकि उसे अपने आवेदन की स्थिति की जांच करने के लिए वेबसाइट पर लॉगिन करने के लिए इसकी आवश्यकता होगी। उम्मीदवार को आवेदन संख्या को दर्शानेवाला एक ईमेल भी भेजा जाएगा।

Candidate is requested to make a note of the Login ID and Password, as she/he will need this to login to the Website to check her/his Application status. An Email will also be sent to the Candidate with the Application number.

For more job news visit : www.kpscvaani.com

के. उम्मीदवार को योग्यता प्रतिशत कॉलम में प्राप्त अंकों के सटीक प्रतिशत का उल्लेख करना होगा और प्राप्त अंकों को पूर्णांकित नहीं किया जाएगा, **जैसे कि 49.99% को 50% के रूप में पूर्णांकित नहीं किया जाना चाहिए।**

Exact Percentage of the marks should be mentioned in the Qualification Percentage of marks column and no rounding off of marks should be done **e.g. 49.99% should NOT be rounded off to 50%.**

एल. उम्मीदवारों को वर्चुअल साक्षात्कार के लिए वेबसाइट पर ई-कॉल लेटर की उपलब्धता के बारे में ईमेल के माध्यम से सूचित किया जाएगा। इसी प्रकार से, यदि उम्मीदवारों को वर्चुअल साक्षात्कार के लिए बुलाया जाता है/शॉर्टलिस्ट किया जाता है, तो उन्हें वेबसाइट पर ऑनलाइन 'ई-कॉल लेटर' की उपलब्धता के बारे में ईमेल के माध्यम से सूचित किया जाएगा। ऑनलाइन साक्षात्कार का समय और लिंक 'ई-'प्रवेश पत्र/ई-कॉल लेटर'' में अंकित होगा। उम्मीदवार 'आवेदक लॉगिन' के माध्यम से लॉगिन कर सकते हैं और उसका प्रिंट ले सकते हैं। आवेदक को ऑनलाइन साक्षात्कार के समय स्पष्ट रूप से मुद्रित 'ई-'प्रवेश पत्र/ई-कॉल लेटर'' लाना होगा, जिसके बिना उसे ऑनलाइन साक्षात्कार में शामिल होने की अनुमति नहीं दी जाएगी।

Candidates will be informed through email about the availability of e-Call Letter on the website for Virtual Interview. Similarly, candidates will be informed through email about the availability of the 'eCall Letter' Online on the website, if Called/Shortlisted for the Virtual Interview. The Time and Link of the Online Interview will be available in the 'eAdmit Card/eCall Letter'. Candidates can login through the 'Applicant's Login' and print the same. The Applicant must carry a clearly printed 'eAdmit Card/eCall Letter' to the online Interview, without which she/he will not be allowed to appear for online Interview.

एम. उम्मीदवारों को ऑनलाइन पंजीकरण के समय अपलोड करने के लिए स्कैन किए गए हस्ताक्षर और फोटोग्राफ तैयार रखने होंगे।

Candidates are required to keep the scanned Signature and Photograph ready for uploading at the time of Online Registration.

एन. कृपया ध्यान दें कि वैध हस्ताक्षर और फोटोग्राफ के बिना 'ऑनलाइन आवेदन पत्र' स्वीकार नहीं किया जाएगा।

Please note that the 'Online Application Form' without valid Signature and Photograph will not be accepted.

ओ. **<u>महत्वपूर्ण Important:</u>**

- चार चरण की प्रक्रिया Four Step Process :

I. पंजीकरण Registration
II. एक्टिवेशन Activation

III. उम्मीदवार का विवरण भरें, हस्ताक्षर, फोटो अपलोड करें और आवेदन प्रस्तुत करें Fill Candidate Details, upload Signature, Photo & submit Application
IV. आवेदन पत्र प्रिंट करें Print Application Form

For more job news visit : www.kpscvaani.com

13.0 ऑनलाइन साक्षात्कार हेतु उपस्थित होने वाले शॉर्टलिस्ट किए गए उम्मीदवारों को **ऑनलाइन साक्षात्कार के लिए रिपोर्टिंग करते समय** अपना आधार कार्ड और ऑनलाइन आवेदन पत्र तैयार रखना होगा।

The shortlisted Candidates appearing for the Online Interview should keep their Aadhar Card and Online Application Form ready **at the time of reporting for Online Interview.**

14.0 **<u>सामान्य शर्तें General Conditions:</u>**

ए) केवल **भारतीय नागरिक ही आवेदन करने के पात्र हैं।** Only **Indian Nationals are eligible to apply**.

बी) ऑनलाइन आवेदन पत्र प्रस्तुत करने से पहले, उम्मीदवार को यह सुनिश्चित करना होगा कि वह जिस इंटर्नशिप के लिए आवेदन कर रहा है, उसके लिए वह सभी आवश्यक पात्रता मानदंडों को पूरा करता है। यदि उम्मीदवार पात्र नहीं है, तो भर्ती प्रक्रिया के किसी भी चरण में उसकी उम्मीदवारी रद्द कर दी जाएगी। यदि उम्मीदवार चयन प्रक्रिया में योग्य है और बाद में यह पाया जाता है कि वह पात्रता मानदंडों को पूरा नहीं करता है, तो उसकी उम्मीदवारी रद्द कर दी जाएगी और यदि नियुक्त किया गया हो, तो भी बिना किसी नोटिस या मुआवजे के उसकी इंटर्नशिप समाप्त कर दी जाएगी।

Before submitting the Online Application form, the Candidate must ensure that she/he fulfills all the required Eligibility Criteria for the Internship for which she/he is applying. If the Candidate is not eligible, her/his Candidature will be canceled at any stage of the recruitment process. If the Candidate qualifies in the selection process and subsequently, it is found that she/he does not fulfill the eligibility criteria, her/his candidature will be canceled and if appointed, Internship will be terminated without any notice or compensation.

सी) यदि आवेदक एक से अधिक स्थानों के लिए आवेदन करना चाहता है, तो उसे अपनी प्राथमिकता स्पष्ट करनी होगी। हालाँकि, उसे केवल उसके सीए/सीएमए अंकों के आधार पर ही शॉर्टलिस्ट किया जाएगा। उसका साक्षात्कार उसके द्वारा चुनी गई किसी एक साइट पर होगा।

If Applicant is willing to apply in more than one Location, she/he must mention his or her preference. However, he will be shortlisted based on his CA/CMA marks only. He/She will be interviewed by one of the Site of his/her choice.

डी) उम्मीदवार द्वारा प्रस्तुत एक से अधिक/डुप्लिकेट आवेदनों के मामले में; उसके केवल नवीनतम आवेदन पर ही विचार किया जाएगा।

In case of Multiple/Duplicate Applications by Candidate; only latest Application will be considered.

ई) ऑनलाइन आवेदन पत्र में एक बार भरी गई श्रेणी (अनुसूचित जाति/अनुसूचित जनजाति/अन्य पिछड़ा वर्ग (एनसीएल)/ईडब्ल्यूएस/दिव्यांगजन) में कोई बदलाव नहीं किया जाएगा और निर्धारित प्रमाणपत्र की अनुपलब्धता के कारण श्रेणी में बदलाव के किसी भी अनुरोध पर बाद में विचार नहीं किया जाएगा। तदनुसार, बाद में किसी अन्य श्रेणी का कोई लाभ स्वीकार्य नहीं होगा।

Category (SC/ST/OBC(NCL)/EWS/PwBD) once filled in the Online Application form will not be changed and no request for change of category due to Non-availability of prescribed certificate will be entertained later on. Accordingly, no benefit of other category will be admissible later on.

For more job news visit : www.kpscvaani.com

एफ) निर्धारित आवश्यक योग्यताएँ न्यूनतम हैं और केवल इनके होने से उम्मीदवार ऑनलाइन साक्षात्कार के लिए बुलाए जाने के हकदार नहीं हैं।

The prescribed essential Qualifications are the minimum and the mere possession of the same does not entitle Candidates to be called for Online Interview.

जी) उम्मीदवार को ऑनलाइन आवेदन पत्र में उसके द्वारा दी गई जानकारी के आधार पर वर्चुअल साक्षात्कार में शामिल किया जाएगा। इसलिए, यह सलाह दी जाती है कि आवेदन करने से पहले यह सुनिश्चित कर लें कि वे सभी पात्रता शर्तों को पूरा करते हैं। यदि बाद में यह पाया जाता है कि उम्मीदवार द्वारा दी गई जानकारी गलत है या उम्मीदवार पात्रता की किसी शर्त को पूरा नहीं करता है, तो ऐसे उम्मीदवार की उम्मीदवारी रद्द कर दी जाएगी और इस संबंध में कोई पत्राचार नहीं किया जाएगा।

The Candidate would be admitted to the Virtual Interview on the basis of the information furnished by her/him in the Online Application form. It is, therefore, advised to ensure that they fulfil all the eligibility conditions before applying. In case, it is found at a later stage that the information furnished by the Candidate is false or the Candidate does not fulfil any of the eligibility conditions, the candidature of such Candidate would be cancelled and no Correspondence in this regard would be entertained.

एच) प्रमाण पत्र सत्यापन और चिकित्सा परीक्षा के समय मूल दस्तावेज (सत्यापन के लिए) और विज्ञापन में दिए गए विवरण के अनुसार स्वयं-सत्यापित प्रतियां तथा ऑनलाइन आवेदन की विधिवत हस्ताक्षरित हार्ड कॉपी प्रस्तुत करना आवश्यक है। यदि कोई आवश्यक प्रमाण पत्र/दस्तावेज प्रस्तुत नहीं किया जाता है, तो उम्मीदवार को चिकित्सा जांच के लिए उपस्थित होने की अनुमति नहीं दी जाएगी।

Original documents (for Verification) and self-attested copies as detailed in the advertisement along with duly signed hard copy of the Online Application are required to be produced at the time of Certificate Verification and Medical Examination. Candidate will not be allowed to appear for Medical Examination, if any, of the required Certificates/Documents are not produced.

आई) एनपीसीआईएल सभी इंटर्न रिक्तियों को भरने या इंटर्न रिक्तियों की संख्या में बदलाव करने या यहां तक कि भर्ती की पूरी प्रक्रिया को रद्द करने/निलंबित करने/स्थगित करने/बदलने और किसी भी स्तर पर बिना किसी पूर्व सूचना/कोई कारण बताए भर्ती मानदंडों को बदलने का अधिकार सुरक्षित रखता है। प्रबंधन अपने विवेक से, किसी भी स्थिति में, जहां भी आवश्यक हो, ऑनलाइन साक्षात्कार फिर से आयोजित कर सकता है। यदि विज्ञापन में दर्शाई गई रिक्तियों की संख्या कम हो जाती है या शून्य हो जाती है, तो कॉर्पोरेशन, आवेदक को किसी भी परिणामी क्षति/हानि के लिए मुआवजा देने के लिए उत्तरदायी नहीं है।

NPCIL reserves the right to fill up all the Intern vacancies or alter the number of Intern vacancies or even Cancel/Suspend/Postpone/Alter the whole process of Recruitment and also changing the Recruitment criteria without any prior Notice/assigning any reasons at any stage. Management may at its discretion, re-conduct online Interview, wherever necessary in case of any eventualities. In case, the vacancy position indicated in the Advertisement is reduced to any number or even to NIL, Corporation is not liable to compensate the applicant for any consequential Damage/Loss.

जे) वर्चुअल साक्षात्कार, ऑनलाइन साक्षात्कार के लिए आबंटित तिथि और समय (जहां भी लागू हो) में बदलाव के किसी भी अनुरोध पर विचार नहीं किया जाएगा।

No request for change of Virtual Interview, Date and Time allotted for Online Interview (wherever applicable) will be entertained.

For more job news visit : www.kpscvaani.com

के) वर्चुअल साक्षात्कार के लिए ई-कॉल लेटर जारी करने से विज्ञापित पद पर नियुक्ति के लिए कोई अधिकार/दावा नहीं मिलेगा। अंतिम चयन पूरी तरह से योग्यता के आधार पर होगा और सभी पात्रता शर्तों को पूरा करने, निर्धारित चयन प्रक्रिया में सफलतापूर्वक अर्हता प्राप्त करने और सार्वजनिक सेवाओं में अनुसूचित जाति/अनुसूचित जनजाति/अन्य पिछड़ा वर्ग (एनसीएल)/ईडब्ल्यूएस/दिव्यांगजन को आरक्षण और रियायतों के संबंध में भारत सरकार के दिशानिर्देशों के अधीन होगा।

Issuance of an eCall letter for the Virtual Interview will not confer any Right/Claim for Appointment to the post advertised. Final selection will be purely based on merit and is subject to fulfilment of all the eligibility conditions, successfully qualifying in the prescribed selection process and further subject to Govt. of India Guidelines on Reservation and Concessions to SC/ST/OBC (NCL)/EWS/PwBD in Public Services

एल) जाति/श्रेणी प्रमाणपत्र :

Caste / Category Certificates:

1.1 अनुसूचित जाति/अनुसूचित जन जाति/अ.पि.वर्ग (गैर क्रीमी लेयर) के अभ्यर्थी अनिवार्यत:, भारत सरकार द्वारा विनिर्दिष्ट प्रारूप में जाति/श्रेणी प्रमाण पत्र प्रस्तुत करें।

SC/ST/OBC (Non Creamy Layer) Candidates must produce Caste/Category Certificate, as per the format prescribed by the Government of India.

1.2 आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग के आवेदकों को भारत सरकार द्वारा विनिर्दिष्ट प्रारूप में सक्षम प्राधिकारी से वर्ष 2025-26 के लिए वैध आय एवं परसिंपत्ति प्रमाण-पत्र प्रस्तुत करना होगा। आरक्षण लाभ प्राप्त करने के लिए, यदि पात्र हैं, तो इस विज्ञापन हेतु साक्षात्कार की तारीख से पहले, उसी तारीख तक के ईडब्ल्यूएस स्तर पर विचार किया जाएगा। विनिर्दिष्ट प्रारूप www.npcilcareers.co.in. से डाउनलोड किया जा सकता है।

The EWS Applicants are required to submit Income and Asset Certificate (I&AC) in the format prescribed by Government of India, from a Competent Authority valid for the year 2025-26. The EWS status as on the date, prior to the date of interview for this Advertisement shall only be considered for availing the Reservation Benefits, if eligible. The prescribed format can be downloaded from www.npcilcareers.co.in.

1.3 अन्य पिछड़ा वर्ग के आवेदकों को ऑनलाइन आवेदन भरते समय 'क्रीमी लेयर' अथवा 'गैर क्रीमी लेयर' जैसा भी मामला हो, सूचित करना होगा। 'क्रीमी लेयर' वर्ग के आवेदक, अन्य पिछड़ा वर्ग (गैर क्रीमी लेयर) के लिए लागू राहतों एवं रियायतों के हकदार नहीं होंगे । अन्य पिछड़ा वर्ग (गैर क्रीमी लेयर) के आवेदकों को भारत सरकार के विनिर्दिष्ट प्रारूप में, सक्षम प्राधिकारी द्वारा 01/04/2025 को या इसके पश्चात जारी आवश्यक प्रमाणपत्र प्रस्तुत करना होगा। अन्य पिछड़ा वर्ग के गैर क्रीमी लेयर स्तर के निर्धारण के लिए नियत तारीख, साक्षात्कार की तारीख से पहले की तारीख होगी। इसके अतिरिक्त, अन्य पिछड़ा वर्ग के आवेदकों को, यदि साक्षात्कार के लिए बुलाया जाता है तो, साक्षात्कार के लिए रिपोर्ट करते समय यह घोषणा देनी होगी कि वे अन्य पिछड़ा वर्ग (गैर क्रीमी लेयर) श्रेणी के हैं।

The OBC Applicants have to indicate their Status as "Creamy Layer" or "Non Creamy Layer" as the case may be while filling Online Application. The Applicants who belong to "Creamy Layer" are not

For more job news visit : www.kpscvaani.com

entitled for Relaxations & Concessions admissible to OBC Category (Non Creamy Layer). The OBC (Non Creamy Layer) Applicants are required to submit requisite Certificate in prescribed format of Government of India, from a Competent Authority issued on or after 01/04/2025. The crucial date for determining the OBC Non-Creamy layer status will be the date prior to the date of Interview. Further, OBC Applicants, if called for Interview will have to give an undertaking indicating that they belong to OBC (Non Creamy Layer) Category at the time of reporting for interview.

सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्रालय ने ऐसी जातियों/समुदायों की सूची अधिसूचित की है जिन्हें 'अन्य पिछड़ा वर्ग (ओबीसी)' माना जाता है (केंद्रीय ओबीसी सूची भी कहा जाता है)। यह सूची राष्ट्रीय पिछड़ा वर्ग आयोग (एनसीबीसी) की वेबसाइट पर भी उपलब्ध है। ओबीसी (एनसीएल) के लिए लागू राहतों व रियायतों के प्रयोजन से केवल ऐसे अधिसूचित समुदायों/जातियों (केंद्रीय सूची) से ताल्लुक रखने वाले और 'गैर-क्रीमी लेयर' से ताल्लुक रखने वाले अभ्यर्थियों पर ही विचार किया जाएगा।

The Ministry of Social Justice and Empowerment has notified the lists of such Caste/Communities which are treated as "Other Backward Classes (OBC)" (also called Central OBC List). The same is also available on the Website of the National Commission for Backward Classes (NCBC). Only Candidates belonging to such notified Communities/Castes (Central List) and belonging to "Non-Creamy Layer" will be considered for the purpose of relaxation and Concessions applicable to OBC (NCL).

1.4 पीडब्ल्यूबीडी अभ्यर्थियों को दिव्यांगजन व्यक्तियों के अधिकार नियम, 2017 में यथा विनिर्दिष्ट प्राधिकारी द्वारा जारी अक्षमता प्रमाणपत्र प्रस्तुत करना होगा।

PwBD Candidates are required to submit Disability Certificate issued by an authority as prescribed in the Rights of Persons with Disabilities Rules, 2017.

1.5 यदि ईडब्ल्यूएस/अनु.जा./अनु.ज.जा./अ.पि.व./पीडब्ल्यूडी प्रमाणपत्र अंग्रेजी/हिंदी से इतर किसी भाषा में जारी किया गया है तो अभ्यर्थियों को उसकी अंग्रेजी या हिंदी अनुवाद की स्वत:प्रमाणित प्रति प्रस्तुत करनी होगी।

If the EWS/SC/ST/OBC/PwBD Certificate has been issued in a language other than English/Hindi, then the Candidates will be required to submit a self-certified translated copy of the same in either English or Hindi.

एम) यदि उपयुक्त उम्मीदवार नहीं मिलता है, तो एनपीसीआईएल प्रशिक्षण के लिए उम्मीदवार का चयन न करने का अधिकार सुरक्षित रखता है।

NPCIL reserves the right not to select a Candidate for the Training, if suitable Candidate is not found.

एन) एनपीसीआईएल में उम्मीदवार की नियुक्ति विज्ञापन में निर्धारित सभी प्रमाणपत्रों के संतोषजनक सत्यापन के अधीन होगी।

Appointment of the Candidate in NPCIL is subject to satisfactory Verification of all Certificates prescribed in the Advertisement.

For more job news visit : www.kpscvaani.com

ओ) ऑनलाइन आवेदन पत्र में दर्ज ईमेल आईडी और मोबाइल नंबर कम से कम एक वर्ष तक सक्रिय रहना चाहिए। एक बार ईमेल आईडी दर्ज करने के बाद उसमें कोई बदलाव नहीं किया जाएगा। भविष्य में सभी पत्राचार पंजीकृत ईमेल पर भेजे जाएंगे।

The Email id and Mobile number entered in the Online Application form should remain active for at least one year. No change in the Email id will be allowed once entered. All future correspondence would be sent to the registered email.

पी) इस विज्ञापन के अंग्रेजी के अलावा अन्य संस्करणों में व्याख्या के कारण उत्पन्न किसी भी अस्पष्टता/विवाद के मामले में, अंग्रेजी संस्करण ही मान्य होगा।

In case of any Ambiguity/Dispute arising on account of Interpretation in versions other than English, the English version shall prevail.

क्यू) किसी भी विवाद के मामले में, कानूनी क्षेत्राधिकार मुंबई होगा।

In case of any Dispute, Legal jurisdiction will be Mumbai.

आर) यदि, भर्ती प्रक्रिया के किसी भी चरण में या बाद में, यह पाया जाता है कि, आवेदक ने:

If, at any stage of the Recruitment process or subsequently, it is found that, the Applicant:

i. गलत जानकारी दी है या झूठे दस्तावेज प्रस्तुत किए हैं या
has provided wrong information or submitted false documents or
ii. प्रासंगिक जानकारी को छिपाया है या
has suppressed relevant information or
iii. वह इस भर्ती के लिए पात्रता मानदंडों को पूरा नहीं करता है या
does not meet the eligibility criteria for this recruitment or
iv. उसने चयन प्रक्रिया के दौरान अनुचित साधनों का सहारा लिया है या
has resorted to unfair means during selection process or
v. वह गलत पहचान बताने (प्रतिरूपण) का दोषी पाया जाता है या
is found guilty of impersonation or
vi. उसने गैर-मानवीय या अप्रासंगिक फोटोग्राफ अपलोड किया है,
has uploaded Non-human or irrelevant Photograph,

तो उसे अयोग्य घोषित कर दिया जाएगा, उस पर मुकदमा चलाया जा सकता है और उसे पद से हटा दिया जाएगा और उसका आवेदन/नियुक्ति तुरंत रद्द/अस्वीकार कर दी जाएगी।

she/he will be liable to be Disqualified, Prosecuted and Debarred and her/his Application/Appointment will be Cancelled/Rejected forthwith.

एस) इस विज्ञापन के तहत आवेदन करने वाले उम्मीदवार कृपया इस संबंध में नवीनतम अपडेट के लिए समय-समय पर एनपीसीआईएल के वेब पोर्टल देखते रहें। **जानकारी प्राप्त करने के लिए किसी भी अधिकारी को कोई टेलीफोन कॉल/पत्राचार किया जाता है तो उसे स्वीकार नहीं किया जाएगा।**

Candidates applying in response to this Advertisement may please visit web portals of NPCIL for latest updates in this regard from time to time. **Any Telephone calls/any Communication to any authority for seeking information will not be entertained.**

टी) चयनित नहीं किए जाने वाले उम्मीदवारों के अभिलेख चयन सूची के प्रकाशन की तिथि से 06 महीने से अधिक समय तक संरक्षित नहीं रखे जाएंगे।

For more job news visit : www.kpscvaani.com

Records of the Candidates not selected shall not be preserved beyond 06 months from the date of publication of select list.

यू) किसी भी प्रकार की सिफारिश को अयोग्यता माना जाएगा।
Canvassing in any form will be a disqualification.

18.0 **हमसे संपर्क करें Contact Us:**

- आवेदक अपने प्रश्न, यदि कोई हों, **'हमसे संपर्क करें'** लिंक के अंतर्गत प्रस्तुत कर सकते हैं।
  Applicants may submit their queries, if any, under **'Contact Us'** Link.
- दिनांक **11/06/2025 (11 बजे से) से 26/06/2025 (13:00 बजे तक)** की अवधि के दौरान प्राप्त प्रश्नों पर ही विचार किया जाएगा।
  Queries received during the period from **11/06/2025 (11 Hrs onwards) till 26/06/2025 (up to 13 Hrs)** will only be entertained.

इस भर्ती से संबंधित कोई भी अन्य जानकारी/शुद्धिपत्र/परिशिष्ट आदि www.npcil.nic.in और www.npcilcareers.co.in पर अपलोड किए जाएंगे। कृपया इन वेब पोर्टलों को देखते रहें।
Any further Information/Corrigendum/Addendum etc. pertaining to this recruitment will be uploaded on www.npcil.nic.in and www.npcilcareers.co.in. Please keep referring these web portals.

एनपीसीआईएल अपने कार्यबल में स्त्री-पुरुष की संख्या में संतुलन के लिए निरंतर प्रयत्नशील है और महिला आवेदकों को आवेदन करने के लिए प्रोत्साहित किया जाता है

नाभिकीय विद्युत - स्वच्छ और संधारणीय भविष्य प्रदाता

NPCIL strives to have a workforce which reflects gender balance and women applicants are encouraged to apply
Nuclear Power – Providing a Clean and Sustainable Future



मानक प्रारूप संलग्न हैं STANDARD FORMATS ENCLOSED :-

1) अनुसूचित जाति/अनुसूचित जनजाति/अन्य पिछड़ा वर्ग (एनसीएल)/ईडब्ल्यूएस/दिव्यांगजन
   SC / ST / OBC (NCL) / EWS / PWbD
2) अन्य पिछड़ा वर्ग (ओबीसी) घोषणा
   OBC Undertaking